# उदय



Melvin Jones
Founder
(1879-1961)

## AUGUST -2026




Official News Bulletin of the Lions International

District 321-E

# DG in International Convention : HongKong































# LIONS INTERNATIONAL DISTT - 321-E (66160)

**उदय** (अगस्त-2026)

**DG -** Udai Chandani , **IPDG-** Dr. Arpan Dhar Dubey, **FVDG -** Umesh Chandra Kakkar, **SVDG -** Shyam Babu Verma, **MCC Treauserer -** Variender Kaur, **Chief Mentor-** Dr. Jagdish Gulati, **Patron-** Virendra kr. Goel, **GAT Co-ordinator -** J.N. Srivastava, **GLT Co-ordinator-** CA Saurabh Kant, **GMT Co-ordinator-** Prakash Ji Agrawal, **GST Chairperson-** S.P. Pandey, **GAT Chairperson -** Balbir Singh Bagga, **LCIF District Coordinator-** Makund Lal Tandon, **DG Honorary Committee Chairperson-** Dr. Kshitij Kumar Sharma, **Cabinet Secretary-** Rakesh Mohan Balaji, **Cabinet Treasurer -** Satish Tondon, **Cabinet PRO -** Brijendra Bajpai, **Chief Advisor to DG-** Anil Jaiswal, **Cabinet Secretary (WMMR)-** Samir Anand, **Chief Lieutenant to DG-** Radhe Marwah, **District Chairperson (LeO)-** Udit Singh Thakur, **District Governor Programme-** B.M. Singh, **Cheif District Coordinator-** Rishi Sethi, **Chief District Administrator-** Sanjay Gupta, **Deputy DG-** Jagmohan Agarwal, Pratima Gupta, Sukhdev Singh Bhai, Vimal Chaukse, J.P. Singh. **District Chairperson: Diabetes-** Dr. V. K. Mishra, **Vision-** Dr. R.K.S. Chauhan, **Hunger-** Dhirendra Kr. Mishra, **Environment -** Mala Mishra, **Childhood Cancer-** Dr. Rohit Gopal, **Quest-** Mamta Bansal, **Blood Donation-** Pankaj Maheshwari, **IT-** Satya Prakash Singh, **Orentation-** Sudhir Kumar Srivastava, **Peace Poster-** Manjula Srivastava, **CQI-** Nitin Yasharth, **New Voice-** Manoj Ramnani.

**Region Chairpersons -** Kamal Kranti, Anoop Singh, Vishal Khare, Rohit Jaiswal, R.K. Sahu, Madhvi Agrawal, Gaurav Gupta, Dr. Manmohan Gupta, Mohd. Amaan, V. Krishna Kumar, Sumit Gupta, Ashok Maurya, Manish Agrahari, Shishir Khare, Dr. Sandeep Pandey, Gopal Ji Srivastava, Jagminder Sen Agrawal.

**Zone Chairpersons -** Sushil Kr Srivastava, Pawan Goel, Meena Mandhyan, Shalini Gupta, Ravi Bhushan Gupta, Sanjay Chaddha, Shalu Pahwa, Anjana Shukla, Aarti Saxena, Shiv Murat Gupta, Tripti Panwar, Sunita Chaudhry, Nitin Mishra, Nazim Ali, S.P. Srivastava, Vivek Kapoor, Nitin Agrawal, Deepak Gupta, Arvind Kumar, Jai Kishan, Mohan Verma, Sunil Tandon, Pawan Dubey, Simran Bagga, Kamlesh Jindal, Dr. Rajesh Maurya, Sanjeev Sahu, Rajul Kant, Kusum Gupta, Surendra Kumar Jaiswal, Danial Joshua, Ashish Garg, Shishant Srivastava, Subhash Chand Bais, Shashi Chandra, Jaya Pandey, Ashwni Mishra, Robin Srivastava.

## STAR OF THE MONTH



**Lion Prakash Ji Agrawal**

*A Great Lion Who Contributes Maximum Amount for Making MJF in the District*


## Editorial Staff



**प्रधान–सम्पादक**

**लायन डॉ. आनन्द कुमार श्रीवास्तव**

गृह क्लब : इलाहाबाद सिटी

मो0– 9415235638



**सम्पादक**

**लायन सुनील कुमार गुप्ता**

गृह क्लब : इलाहाबाद ग्रेटर

469, शाहगंज क्रासिंग, प्रयागराज–211003

मो0– 9335162690, 8574610388

sunilgupta066@gmail.com


**Distt. Head Quarter : 143Q/153Z, Lukerganj (Near Madnani Hospital), Prayagraj - 211001 (U.P.)**

# मण्डलाध्यक्षीय



*प्रिय लायन बन्धु!*

*लायनिस्टिक वर्ष 2026–27 का प्रारम्भ हो चुका है। सत्रारम्भ के दो प्रमुख कार्य– क्लब अधिकारी एवं डिस्ट्रिक्ट अधिकारी प्रशिक्षण पूर्ण हो चुके हैं। प्रथम डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट सभा भी सम्पन्न हो चुकी है। प्रशिक्षण में लगभग 250 लायन्स अधिकारियों की सहभागिता, डिस्ट्रिक्ट के लिये उत्साहवर्धक रही। मुझे अनेक लायन साथियों से बधाई सन्देश प्राप्त हुए। मेरी कामना है कि लायन बन्धुओं ने प्रशिक्षण में जो कुछ अर्जित किया है, उसका क्लब–संचालन में उपयोग करें। मैंने इस बार प्रशिक्षण कार्यक्रम में एक प्रयोग किया– बाहर से किसी प्रशिक्षक को आमंत्रित नहीं किया। अपने ही डिस्ट्रिक्ट के वरिष्ठ एवं अनुभवी तथा प्रशिक्षित लायन सदस्यों ने प्रशिक्षण प्रदान किया। यह प्रयोग सफल रहा और मुझे अच्छी प्रतिक्रियायें प्राप्त हुई।*

*12 जुलाई को सम्पन्न हुई प्रथम डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट सभा भी सन्तोषजनक रही। लगभग 560 कैबिनेट सदस्यों की उपस्थिति, डिस्ट्रिक्ट 321–ई के जोश एवं जुनून को दर्शा रही थी। सभा स्थल का नया होना एवं समय के अनुरूप सभा का संचालन और अन्त में सांगीतिक कार्यक्रम का आयोजन, सब कुछ अभूतपूर्व था। मैं इसके लिये प्रयागराज के सभी अधिकारियों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करता हूँ।*

*मित्रों! मेरी कुछ मान्यतायें हैं, आडम्बर एवं औपचारिकता मुझे बहुत पसन्द नहीं है। मैं माल्यार्पण एवं अंगवस्त्र तथा स्मृति चिह्न के पक्ष में नहीं हूँ। कैबिनेट सभा इससे दूर थी। मैं क्लबों से भी यही अपेक्षा करता हूँ। यह केवल समय एवं धन की बचत की दृष्टि से ही उचित नहीं है अपितु समाज सेवी संस्था को इन प्रदर्शनों से दूर रहना चाहिये।*

*प्रकाशन पर मेरा बल है। डिस्ट्रिक्ट में लायन्स आन्दोलन के विकास के लिये उपयोगी सामग्री उपलब्ध कराना मेरा धर्म है। इस दृष्टि से– (i) Club Meeting Minutes Book, (ii) PST Manual, (iii) ZC,RC Manual, (iv) News Latter (v) Souvenir, (iv) Almanac आदि क्रमशः प्रकाशित हो रहे हैं। मेरा प्रयास होगा कि इनका प्रकाशन यथा समय हो एवं आपके हाथों में पहुँच जाय।*

*डिस्ट्रिक्ट का संचालन एक चुनौती है। मैं सदस्यों में उत्साह देखना चाहता हूँ। उनकी निष्क्रियता एवं उदासीनता मुझे पसन्द नहीं है। सभी सदस्य क्लब एवं डिस्ट्रिक्ट के कार्यों में सक्रिय एवं सकारात्मक रहें, यही हमारा उद्देश्य है। इसके लिये मैं तन–मन–धन से समर्पित हूँ। बस, आपका सहयोग चाहिये।*

*स्वतन्त्रता दिवस की शुभकामनाओं के साथ आपका ..........*

**● पी.एम.जे.एफ. लायन उदय चन्दानी**

**डिस्ट्रिक्ट गवर्नर**

# सम्पादकीय

**उदय** का दूसरा अंक आपके समक्ष प्रस्तुत है। प्रथम अंक आने के पश्चात् आप लोगों की शुभकामनाओं के पूरे सम्पादक मण्डल के प्रति जो विश्वास प्रकट किया। उससे प्रतीत होता है कि आप सभी को न्यूज लेटर रूचिकर लगा। प्रधान सम्पादक लायन डॉ0 आनन्द कुमार श्रीवास्तव के सुदृढ़ सुझावों और मण्डलाध्यक्ष लायन उदय चंदानी के कुशल नेतृत्व में सम्पादकीय समिति के सभी सदस्यों का सामूहिक प्रयास ही इसको सम्पूर्णता प्रदान कर पाया।

लायनवाद में आज चारो ओर सदस्यता पर अत्याधिक चर्चा हो रही है। कभी–कभी यह बहस का मुद्दा बन जाता है कि इतनी संख्या में सदस्य प्रत्येक वर्ष हमसे या हमारी संस्था से जुड़ते हैं लेकिन वर्षान्त क्या हो जाता है। उससे अधिक सदस्य हमें छोड़कर चले जाते हैं। हम फिर सीढ़ी की उसी सतह पर आ जाते हैं जहाँ से हमने चढ़ना शुरु किया था। क्या ऐसा नहीं हो सकता कि सदस्यों के आने के मार्ग को तो खुला रखा जाये परन्तु निकलने वाले रास्तों को बन्द कर दिया जाये। बड़ा कठिन कार्य है, हमेशा ही सदस्यों के आने की रफ्तार जाने वालों से मंद हो जाती है कारण, हम लोग सदस्य बनाते समय बहुत सी बातों पर विचार नहीं करते, उन्हें केवल मौज मस्ती का स्वप्न दिखाते हैं। जब कि होना यह चाहिये कि जब कोई जुड़े उसे संस्था के उद्देश्यों और कार्यों के प्रति ठीक प्रकार से आत्मासात कराना चाहिये। वह जुड़ने के बाद यह कहे कि मैं लायन वाद से जुड़ा नहीं हूँ.... लायनवाद अब मेरी पहचान बन चुकी है। वह महसूस करे कि उसे तब, बस सेवा का एक रास्ता दिखा था और धीरे–धीरे जब वह महसूस करता कि यह रास्ता मुझे मेरे असली उद्देश्य की ओर ले जा रहा है। मेरी पहचान अब मेरे पेशे से नहीं बल्कि सेवा से है। लायनवाद से मैंने सीखा, इन्सानियत की सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी। मुझे एक ऐसा मंच मिला जहाँ अपने अनुभवों का समाज के लिये उपयोग किया जा सकता है। अपने व्यवसाय को सेवा से जोड़ने पर सन्तुष्टि मिलती है। दोस्त जो बिना स्वार्थ सेवायें प्रदान कर रहे हैं और जहाँ हर उम्र के लोगों जैसे बच्चों और उनकी शिक्षा के लिये सहायता, वृद्धों के लिये तो ढेर सारे सहायता के विकल्प हो। हर कार्य में समाज के लिए अच्छा करने की सोच दिमाग में विकसित हो जाये और अन्त में जिस दिन वह यह कहेगा कि लायनवाद ने उसे एक बेहतर इंसान, बेहतर नागरिक और बेहतर पेशेवर बनाया है। मुझे लायनवाद पर गर्व है तो फिर वह जिन्दगी भर लायनवाद को छोड़कर नहीं जा पायेगा। हम जैसे बहुत सारे मित्र 25–30 वर्षों से इस संस्था से जुड़े हैं और उन सभी को गर्व है, वह लायन है। इस पर विचार और मंथन करने की आवश्यकता है।

जुलाई अगस्त और सितम्बर यह 3 माह अधिष्ठापन समारोह के लिये मण्डलाध्यक्ष जी द्वारा आबंटित कर दिये गये हैं। निवेदन है कि कम से कम खर्च में, कम समय और आडम्बरहीन अधिष्ठापन कराने का प्रयास करें। स्वयं मण्डलाध्यक्ष जी ने तमाम अनावश्यक खर्चों को कम करने पर जोर दिया है। सदस्यों का समावेश भी बहुत सोच समझकर करायें। उन्हें संस्था के बारे में पहले से विस्तृत जानकारी दे दें।

इस अंक से हम लोगों ने कुछ पुराने स्तम्भों को पुनः आरम्भ किया है। उससे आपको मण्डल के कार्यों के विषय में पूरी जानकारी प्राप्त हो सकेगी। सेवा कार्यों या छाया चित्रों के प्रकाशन में कुछ भूल होती है या स्थानाभाव के कारण आपके सारे कार्यक्रमों को स्थान नहीं मिल पाता है तो हमारी मजबूरी समझकर उसे क्षमा करेंगे। आप सभी को स्वतन्त्रता दिवस की ढेर सारी शुभकामनाओं के साथ......

**बेवजह खुश रहिये, क्योंकि वजह बहुत महंगी है।**

# प्रथम डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट सभा –कार्यवाही



स्थलः **रमन्शा रिसोर्ट**, नैनी 12 जुलाई 2026, सायं 4.00 बजे

डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट की प्रथम सभा दिनांक 12 जुलाई 2026 को सायं 4.00 बजे रमन्शा रिसोर्ट, नैनी, प्रयागराज में मण्डलाध्यक्ष पी.एम.जे.एफ. लायन उदय चन्दानी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

सभा आरम्भ से पूर्व लायन माधवी अग्रवाल एवं लायन गौरव गुप्ता ने मंचापूर्ति हेतु मण्डल अधिकारियों का आवाह्न किया एवं सहयोगी रीजन चेयरपर्सन व जोन चेयरपर्सन ने उन्हें मंच पर आसीन कराया। मंचासीन से पूर्व सभी मंचस्थ अधिकारियों ने दीप प्रज्जवलन कर सभा का उद्घाटन किया।

मण्डलाध्यक्ष महोदय ने सभा आरम्भ की औपचारिक घोषणा की। ईश वन्दना प्रयागराज रेनबो के सदस्य की बेटी लियो त्रिधा गौतम ने गणेश वन्दना नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत की। लायन शालू पाहवा ने ध्वज वन्दना का पाठ किया, तत्पश्चात् राष्ट्रगान लायन सुनीता चौहान के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। लायन अंजना शुक्ला ने लायनवाद के नैतिक सिद्धान्त का पाठ किया। अतिथेय रीजन चेयरपर्सन लायन रोहित जायसवाल ने सभा में उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत किया। तत्पश्चात् सभा संचालक माधवी अग्रवाल ने सभा की आगे की कार्यवाही हेतु संचालन मण्डलाध्यक्ष महोदय को हस्तान्तरित कर दिया।

मण्डलाध्यक्ष महोदय ने सभा में उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया। विशेष रूप से आयोजन समिति के सदस्यों का। जिनके परिश्रम का प्रभाव स्पष्ट दिख रहा था कि सदस्यों से हाल खचाखच भरा था। मण्डलाध्यक्ष की यह घोषणा कि आज वह सबसे अंत में बोलेंगे। पहले वह सबकी बात सुनेंगे। इस नई परम्परा का लोगों ने स्वागत किया।

मण्डल सचिव लायन राकेश मोहन बालाजी ने सदन को बताया कि अब तक 469 सदस्यों का पंजीकरण हो चुका है और अभी पंजीकरण जारी है, बाद में यह संख्या 564 पर समाप्त हुई। आगे उन्होंने उन तमाम लायन सदस्यों के नाम की जिन्होंने किन्हीं विशेष कारणों से आज की सभा में आने में असमर्थता प्रगट की है, सदन को सूचना दी।

मण्डल कोषाध्यक्ष लायन सतीश टण्डन ने लायनिस्टिक सत्र 2026–27 के आय–व्यय का लेखा (बजट) प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि (i) वर्तमान सत्र में डिस्ट्रिक्ट ड्यूज में कोई बदलाव नहीं किया गया है (ii) बैंक एकाउन्ट HDFC Bank Civil Lines Branch में खोलने का प्रस्ताव रखा (iii) आय–व्यय के निरीक्षण हेतु नीरज अग्रवाल एण्ड कम्पनी, प्रयागराज का नाम प्रस्तावित किया। (iv) मण्डलाध्यक्ष को आवश्यक बिलों के भुगतान एवं अन्य आवश्यक आर्थिक निर्णय लेने सम्बन्धी प्रस्ताव रखा। सदन द्वारा उसे भी सर्व सम्मति से पारित कर दिया गया।

जी.एम.टी. कोआर्डिनेटर लायन प्रकाश जी अग्रवाल ने मण्डलाध्यक्ष को धन्यवाद देते हुए अपना उद्बोधन आरम्भ किया उन्होंने बताया कि हम लोगों के लिये सबसे दुखद यही है कि हमारे जितने सदस्य बनते है उससे अधिक सदस्य हमको छोड़कर चले जाते हैं। हमे इस वर्ष इस बात पर अधिक ध्यान देना है कि सदस्य हमको छोड़कर न जायें। उन्होंने इस वर्ष के एम.जे.एफ. बनने वाले सभी सदस्यों को 20 ग्राम चांदी का सिक्का प्रदान किया।

जी.एल.टी. को-आर्डिनेटर लायन सी.ए. सौरभ कान्त ने ट्रेंनिग से सम्बन्धित पूरे वर्ष भर का कैलेन्डर सदन में प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि जून माह में पी.एस.टी., जोन एवं रीजन चेयरपर्सन का ट्रेंनिग कार्यक्रम बहुत सफलतापूर्वक सम्पन्न हो चुका है और आगे भी हम इन कार्यक्रमों को और स्तरीय बनाने का प्रयास करेंगे। हम लोगों ने एक नया प्रयोग किया जो काफी सफल रहा। वह यह कि हमने अपने बीच के सदस्यों को प्रशिक्षण का दायित्व सौंपा। उसका परिणाम काफी उत्साह जनक रहा। हम इसे आगे भी जारी रखेंगे।

जी.एस.टी. कोआर्डिनेटर लायन सूर्य प्रकाश पाण्डेय ने कहा कि इस वर्ष हम लोग सेवाओं को प्राथमिकता के आधार पर करेंगे। कुछ स्थायी परियोजनाओं पर भी निर्णय शीघ्र लिया जायेगा। ताकि उन कार्यों से समाज में अधिक जुड़ाव हो सके। उन्होंने क्लबों से अपील की कि वह जो भी सेवा कार्य करे उसे लायन्स इण्टरनेशनल के पोर्टल पर अवश्य रिपोर्ट करें। हम लोगों की रिपोर्टिंग इस वर्ष शत–प्रतिशत हो, इस पर विशेष ध्यान दिया जायेगा।

जी.ई.टी. को–आर्डिनेटर बलबीर सिंह बग्गा ने बताया इस वर्ष 12 नये क्लब खोलने का आदेश मण्डलाध्यक्ष द्वारा मुझे दिया गया है और इसे मैं 1–2 माह में आप सभी के सहयोग से पूरा कर दूंगा। नये क्लब वाराणसी पर्ल को उन्होंने सदन में प्रस्तुत भी किया।

जी.ए.टी. को–आर्डिनेटर लायन जे.एन. श्रीवास्तव ने बताया कि मण्डलाध्यक्ष ने उन्हें टारगेट नहीं दिया है लेकिन मैं इस बात की पूरी कोशिश करुंगा कि सत्र में सभी विभाग अपनी पूर्णता हासिल करें।

PID लायन जितेन्द्र सिंह चौहान ने कान्फ्रेसिंग के माध्यम से सभा को सम्बोधित किया। उन्होंने कैबिनेट के सभी सदस्यों को अपनी शुभकामनायें प्रेषित की। विशेष रूप से नये एम.जे.एफ. सदस्यों को। उन्होंने बताया कि आपने अपने मण्डलाध्यक्ष के माध्यम से 1 से 4 जुलाई के मध्य LCIF को जो सहयोग प्रदान किया है उसके लिये आप सभी धन्यवाद के पात्र हैं। आपके द्वारा दिया गया धन आपके और आपके अपनों के लिये ही काम आता है।

एल.सी.आई.एफ. कोआर्डिनेटर लायन मकुन्द लाल टण्डन ने सभा में बताया कि इस वर्ष 57 एम.जे.एफ. बनाये जा चुके हैं और यह संख्या अभी और आगे जाती दिख रही है। यही कारण है कि इण्टरनेशनल कन्वेन्शन हाँगकाँग में हमारे मण्डलाध्यक्ष को विशेष सम्मान प्राप्त हुआ।

सभा को पूर्व अन्तर्राष्ट्रीय निदेशक लायन डॉ0 जगदीश गुलाटी एवं पूर्व मण्डलाध्यक्ष वीरेन्द्र गोयल जी ने भी सम्बोधित किया।

निवर्तमान मण्डलाध्यक्ष लायन डॉ0 अर्पण धर दुबे ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस वर्ष भी हम सभी पूर्व की भांति ही कार्य करेंगे और मण्डल का परचम लहराएंगे।

मण्डल लियो चेयरपर्सन उदित सिंह ठाकुर ने कहा कि मण्डल की ओर से जो भी निर्देश हम लोगों को प्राप्त होगा हम सब उसे पूरा करने का प्रयास करेंगें। उन्होंने बताया कि एक नया लियो क्लब प्रयागराज गौरव खुला है एवं और नये क्लब खुलने जा रहे हैं।

मण्डल के न्यूज लेटर **उदय** का विमोचन मंचस्थ अतिथियों द्वारा किया गया जिसके प्रधान सम्पादक लायन डॉ0 आनन्द कुमार श्रीवास्तव व सम्पादक लायन सुनील कुमार गुप्ता हैं। उन्होंने बताया कि मण्डलाध्यक्ष द्वारा इस वर्ष इसे प्रत्येक माह निकालने की योजना है और हम लोग उसी के अनुसार कार्य कर रहे हैं कि इसमें निरंतरता बनी रहे।

मण्डल द्वारा समय से मण्डल ड्यूज जमा करने वाले क्लबों के कोषाध्यक्षों को Good Pay Master Award प्रदान किये गये।

<u>मुक्त सत्र के अन्तर्गत :</u> 1. <u>डायटीसियन चेयरपर्सन :</u> बीना अग्रवाल ने एक प्रिन्टेड फोल्डर सभा में सभी को वितरित किया और सभी से अपील की कि आप लोग इस चार्ट को फालो करें।

2. चैतन्य पण्ड्या : पहले मल्टीपल की ओर से डिस्ट्रिक्ट को गोल दिया जाता था। आज कल ऊपर से टारगेट दिया जाता है कि जो जितने अधिक MJF बनाएगा और जितने अधिक क्लब खोलेगा, उसे उतना ही बड़ा पद प्रदान किया जायेगा। इसके लिये सभी को ध्यान देना होगा।

3. कुंवर बी.एम. सिंह : Training के दौरान मैंने PST, RC & ZC से अपील की थी कि ODOP पर इस वर्ष समयबद्ध काम करें आपके पास हर माह एक टारगेट है, उसे एचीव करें। जो क्लब उन टारगेट को पूरा कर लेंगे उन्हें मेरी ओर से अवार्ड प्रदान किया जायेगा।

4. पुष्पा स्वरूप : जबरदस्ती किसी को जोर दबाव से सदस्य न बनाया जाये ZC और RC पर बहुत अधिक दबाव होने के कारण ऐसे मेम्बर बनाये जाते हैं जो जल्द ही सदस्यता छोड़ देते हैं।

5. राधे मारवाह : इस बार मसूरी में लैपटॉप पर मेम्बर बनाये जा रहे थे। यदि आप लैपटॉप पर मेम्बर बनायेंगे, अधिकारियों को प्रभावित करने के लिये, और आप यह उम्मीद करेगें कि वह लायन मेम्बर आपके साथ बहुत अधिक दिन रहेंगे, असम्भव.. मत बनाइये मेम्बर, बनाईये तो ठोक बजाकर बनाइये। 863 मेम्बर जुड़ने के बाद मण्डल अन्त में 169 माइनस में जाता हैं। क्या फायदा, आप पुराने मेम्बरों को रोकने में ही पूरा ध्यान दीजिये।

6. अनिल कुमार पाण्डेय वाराणसी गंगाः हम लोगों का समाज से जुड़ाव नहीं हो पा रहा है।

सभा के अन्त में उप मण्डलाध्यक्ष द्वितीय लायन श्याम बाबू वर्मा ने मण्डल की ओर से सभी उपस्थित सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

मण्डलाध्यक्ष महोदय ने सभा के स्थगन की औपचारिक घोषणा की।

सभी सदस्यों ने आयोजक मण्डल द्वारा आयोजित संगीत कार्यक्रम एवं स्वादिष्ट भोजन का आनन्द लिया।

● **लायन राकेश मोहन बालाजी** मण्डल सचिव

# क्लब गतिविधि



**लायन समीर आनन्द**
कैबिनेट सचिव WMMR

**इलाहाबाद मेन** – डाक्टर्स एवं सी.ए. दिवस पर समारोह का आयोजन। जूट के थैलों का वितरण। धनराज वृद्धाश्रम में 7 पंखे, राशन व खाद्य सामग्री प्रदान की गयी।

**इलाहाबाद आकाश** – डाक्टर्स डे पर सम्मान समारोह का आयोजन। जगन्नाथ यात्रा के दौरान शरबत वितरण। खुशरुबाग में वृक्षारोपण किया गया। जरुरतमंद बच्चों को छाता चॉकलेट व कोल्डड्रिंक्स वितरित की गयी।

**इलाहाबाद ऐन्जेल्स**– डाक्टर डे पर सम्मान समारोह का आयोजन। ऐनी बेसेन्ट कॉलेज में 15 पौधे रोपें गये। खागा स्थित उषा क्लीनिक में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन। 50 पौधे लगाये गये। दो बच्चियों को क्लब द्वारा एजूकेशन अडाप्ट किया गया। संविलयन विद्यालय में 5 वृक्षों का रोपण किया। ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मंदिर में क्वेस्ट कार्यक्रम, ड्राइंग प्रतियोगिता, हिन्दी निबन्ध लेखन व अंग्रेजी निबन्ध लेखन का आयोजन किया गया, 20 पौधे भी लगाये गये। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कपड़े के थैले वितरित किये गये। के.पी. गर्ल्स इण्टर कॉलेज में 20, के.पी. कान्वेन्ट में 20 एवं के. पी. ब्वायज में 30 पौधों का रोपण।

**इलाहाबाद अनुभव** – डाक्टर्स डे पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

**इलाहाबाद अनुपम** – डाक्टर्स दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन। माँ की रसोई के माध्यम से 250 लोगों को भोजन कराया गया। महिला जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन। पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन। नेत्र परीक्षण शिविर में 70 मरीजों का परीक्षण किया गया। सुश्री रूशिता मरियम को व्हील चेयर प्रदान की गयी।

**इलाहाबाद अरूणिमा**– डा0 दिवस पर समारोह का आयोजन।

**इलाहाबाद अशोक** – डाक्टर डे पर सम्मान समारोह का आयोजन। शास्त्री ब्रिज स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र पर बच्चों को शिक्षा सम्बन्धित सामग्री, कपड़े, फल व स्वल्पाहार वितरण, उन्हें स्वच्छता के प्रति जागरुक किया गया। No Plastic Bag Day पर थैलों का वितरण। स्वरूपरानी अस्पताल स्थित माँ की रसोई से 365 थाली भोजन पेंशेट अटेन्डेन्ट को वितरित की गयी। पुनः 111 थाली भोजन का वितरण। यूनाइटेड मेडिसिटी में 500 वृक्षों का चरणबद्ध रोपण किया गया। एक गुमटी वाले को फुल साइज छाता प्रदान किया गया।

**इलाहाबाद सिटी** – मछोदरी पार्क में 50 पौधे लगाये गये। केदार नाथ पब्लिक स्कूल, झलवा में 50 पौधे लगाये गये।

**इलाहाबाद कैण्ट** – डाक्टर दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन।

**इलाहाबाद सेण्ट्रल** – डाक्टर दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन। वृन्दा प्रसाद बाल आश्रम में अन्तःवासी छात्रों को भोजन एवं 15 छात्रों को पाठ्य–पुस्तकों का पूरा सेट प्रदान किया गया। 10 वृक्ष भी लगाये गये।

**इलाहाबाद क्लासिक**– मेरी किड्स स्कूल में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन जिसमें दन्त, आर्थोपेंडिक्स, सामान्य स्वास्थ्य का परीक्षण कराया गया। मेरी किड्स में पर्यावरण अवेयरनेस व लायन्स क्वेस्ट पर सेमिनार आयोजित किया। वृक्षारोपण किया गया। यश हॉस्पिटल में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन।

**इलाहाबाद ग्रेटर** – बाल सेवा आश्रम स्थल में बच्चों के लिये कूलर लगवाया गया, साथ ही खाद्य सामग्री का वितरण। मंडल शिविर में 5 यूनिट रक्तदान। जगन्नाथ रथ यात्रा में शामिल 2000 लोगों के शरबत पिलाया गया। एक वृद्ध महिला को व्हील चेयर प्रदान किया गया। स्थायी परियोजना के अन्तर्गत तारा संस्थान वृद्धाश्रम में वहाँ रह रहे वृद्धों को प्रत्येक माह के द्वितीय रविवार को भोजन कराया जायेगा।

**इलाहाबाद पावन गंगा–** डॉक्टर दिवस पर शहर के प्रख्यात डाक्टर्स को सम्मानित करके उनकी सेवाओं प्रति अभार व्यक्त किया। बाल विद्या निकेतन के बच्चों को शिक्षण सामग्री वितरित की गयी। लाजपत राय बाल विद्यालय में 25 वृक्ष लगाये गये।

**इलाहाबाद संगम** – डॉक्टर दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन। मनकामेश्वर मन्दिर लालापुर में 500 पौधे चरणबद्ध तरीके से ग्रामीणों से लगवाये गये। पिकनिक का भी आयोजन किया गया। धनराज वृद्ध आश्रम में सुबह का स्वल्पहार साथ ही 20 पैनल लाइट एवं 2 सीलिंग फैन प्रदान किया गया। एग्लो बंगाली इण्टर कॉलेज परिसर में 30 पौधे रोपित किये गये। मनकामेश्वर मन्दिर में 1000 श्रद्धालुओं को हलुआ प्रसाद वितरण।

**आजमगढ़** – ईशान पब्लिक स्कूल परिसर में 21 पौधों का रोपण।

**जौनपुर** – डॉक्टर दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में 38 यूनिट रक्तदान हुआ। लक्ष्मी केल्थ केयर सेण्टर पर नेत्र चिकित्सा शिविर में 11 मरीजों को नेत्र का आपरेशन वाराणसी के जे. शंकरा आई हास्पिटल में कराया गया।

**जौनपुर गोमती** – डॉक्टर दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। 200 फलदार पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया।

**जौनपुर पावन** – कृष्णा हार्टकेयर पर आयोजित रक्तदान शिविर में 10 यूनिट रक्तदान हुआ।

**जौनपुर रॉयल** – डॉक्टर दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

**मऊ** – मण्डलाध्यक्ष के सानिध्य में वृक्षारोपण।

**नौतनवा** – डॉक्टर दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। पौधारोपण अभियान का सफल आयोजन।

**ओबरा गौरव** – डॉक्टर दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। 10 फलदार वृक्षों का रोपण। सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में 90 वृक्ष लगाये गये। गांधी मैदान में 20 अशोक के पेड़ लगाये गये।

**प्रयागराज गौरव** – डॉक्टर्स दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। परानीपुर गाँव में 65 मरीजों का डेण्टल और 94 मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया साथ में दवा वितरण भी किया गया। आधार शिला वृद्धाश्रम में आयोजित नेत्र शिविर में 65 मरीजों का परीक्षण हुआ साथ ही दवा भी वितरण किया गया। वन फैमिली वन ट्री एवं लेट अस ग्रीन अवर टुमारो के अन्तर्गत होली क्रास स्कूल में पौधारोपण व वितरण।

**प्रयागराज एलीइट** – डॉक्टर दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

**प्रयागराज झिलमिल** – वन फैमिली वन ट्री एवं लेट अस ग्रीन अवर टुमारो के अन्तर्गत होली क्रास स्कूल में पौधारोपण व वितरण। स्कूल में पौधा रोपड़ व वितरण। निरुपमा कॉलोनी में पौधे लगाये गये।

**प्रयागराज कुम्भ सिटी–** डॉक्टर दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

**प्रयागराज प्रमिला** – डॉक्टर्स एवं सी.ए. दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन। 51 बच्चों को आइसक्रीम वितरण। माँ की रसोई में 101 थाली भोजन का वितरण। स्वरोजगार हेतु एक व्यक्ति को ठेला प्रदान किया गया। वृक्षारोपण किया गया।

**प्रयागराज रॉयल** – डॉक्टर्स दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन। प्रजापति क्लीनिक में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन। जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन। मण्डल शिविर में 2 यूनिट रक्तदान। वन फैमिली वन ट्री एवं लेट अस ग्रीन अवर टुमारो के अन्तर्गत होली क्रास स्कूल में पौधारोपण व वितरण।

**रेनूकूट** – डॉक्टर्स दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन। वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में काकोरी उद्यान में 100 पौधों का रोपण किया गया।

**रेनू सागर** – डॉक्टर्स एवं सी.ए. दिवस पर 15 चिकित्सकों व 5 सी.ए. का सम्मान किया गया। एस.एस. पब्लिक

स्कूल पर महिलाओं के लिये योगा शिविर का आयोजन।

**राबर्टसगंज** – डॉक्टर्स दिवस एवं सी.ए. पर सम्मान समारोह का आयोजन। नेत्र शिविर में 87 मरीजों का परीक्षण व 24 मोतियाबिन्द मरीजों के ऑपरेशन कराये गये।

**सुल्तानपुर सेण्ट्रल** – डॉक्टर्स दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन।

**वाराणसी बुद्धा** – डॉक्टर्स एवं सी.ए. दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन।

**वाराणसी गंगा** – दशाश्वमेध घाट पर खिचड़ी एवं फल वितरित किया गया।

**वाराणसी सिटी** – डाक्टर दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन। मछोदरी पार्क परिसर में 50 पौधे रोपित किये गये। धर्म संघ दुर्गाकुण्ड में 150 गायों की खाद्य सामग्री के माध्यम से गौ सेवा की गयी।

**वाराणसी एलीगेण्ट** – मातृ मंदिर कन्या गुरुकुल में शिक्षण एवं खाद्य सामग्री का वितरण।

**वाराणसी एक्सीलेण्ट**– डॉक्टर्स दिवस एवं सी.ए. पर सम्मान समारोह का आयोजन। हरिमानापुर, सारनाथ स्थित वृद्धाश्रम में भोजन व घरेलू उपयोग की जाने वाली वस्तुयें प्रदान की गयी। वृद्धाश्रम में 60 बुजुर्गों को सांयकालीन भोजन कराया गया।

**वाराणसी महामना** – डॉ0 दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन। संजीवनी चिकित्सालय में वाटर कूलर लगाया।

**वाराणसी नटराज** – दशाश्वमेध घाट पर श्री खिचड़ी बाबा मन्दिर पर 200 लोगों को खिचड़ी प्रसाद प्रदान किया गया।

**वाराणसी सिल्क सिटी**– डॉ0 दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन।

**वाराणसी सनसाइन**– डॉक्टर्स दिवस पर डाक्टरों का सम्मान किया गया।

**विद्युत विहार** – डॉक्टर्स दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन। 22 पेड़ लगाये गये। स्काई लार्क पब्लिक स्कूल में 21 पौधे लगाये गये। रक्दान कार्यक्रम के अन्तर्गत 15 यूनिट रक्तदान हुआ।

**वाराणसी युवा** – डॉक्टर्स दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन।

**वाराणसी तुलसी** – Nail Art Workshop का आयोजन शिल्प कला केन्द्र पर किया गया। सारनाथ स्थित वृद्धाश्रम को भोजन सामग्री दी गयी एवं 25 फूलदार पौधे रोपित किये गये।

**वाराणसी डायमण्ड** – स्थायी परियोजना–मानसिक रूप से कमजोर बच्चों हेतु आश्रय स्थल का शुभारम्भ।

**वैधन सिटी** – डॉक्टर्स दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन।

(यद्यपि आपकी सेवाओं की सूचना को सावधानी पूर्वक संग्रहित किया जाता है फिर भी किन्हीं कारणों से आपकी कोई सेवा हम लोगों की जानकारी में न आने के कारण मुद्रित होने से रह गई हो तो उक्त हेतु हम सब क्षमा प्रार्थी हैं – **सम्पादक**)

## New MJF Members of 2026-27

| S.NO. | LION NAME | MEM. NO. | CLUB NAME |
|---|---|---|---|
| 58. | NEELAM JAIN (For PMJF) | 27352791 | OBRA GAURAV |
| 59. | GAURAV JAIN (For PMJF) | 27138784 | OBRA GAURAV |
| 60. | ATUL PRATAP SINGH | 5276448 | JAUNPUR KSHITIJ |
| 61. | SHRIJAN GARG | 6146886 | BALLIA SOCIETY |
| 62. | OM PRAKASH KESHARI | 1269723 | VARANASI CITY |
| 63. | VANSHRAJ SEHGAL | 6032493 | BALLIA SOCIETY |
| 64. | KARAN SARAWAGI | 5812596 | BALLIA SOCIETY |
| 65. | ASHISH GARG | 5340737 | BALLIA SOCIETY |

# मण्डल अधिकारी अधिष्ठापन समारोह

## 40th Installation Ceremony of VDG I & VDG II and Cabinet Officer

तिथि एवं समयः 7 अगस्त, 2026 स्थलः वाराणसी

## कार्यक्रम

विशिष्ट महानुभावों का मंच पर आह्वान (अंगवस्त्र, माला, तिलक सहित)

दीप प्रज्वालन (वैदिक मंगलाचरण)

1. सभा आरम्भ की औपचारिक घोषणा : पी.एम.जे.एफ. लायन उदय चन्दानी, मण्डलाध्यक्ष
2. ईश वन्दना
3. राष्ट्रगान
4. ध्वज वन्दना
5. मंचस्थ अति विशिष्ट महानुभावों को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेन्ट

(i) मुख्य अतिथि, (ii) उद्घाटन अधिकारी, (iii) अधिष्ठापन अधिकारी, (iv) की नोट स्पीकर, (v) गैट एरिया लीडर (vi) एल.सी.आई.एफ. एरिया को–चेयरपर्सन, (vii) मल्टिपल कॉउसिलिंग चेयरपर्सन, (viii) पूर्व मल्टिपल कॉउसिलिंग चेयरपर्सन, (ix) पूर्व मल्टिपल कॉउसिलिंग चेयरपर्सन, (x) पूर्व मल्टिपल कॉउसिलिंग चेयरपर्सन

6. स्वागत भाषण : लायन बलबीर सिंह बग्गा, अधिष्ठापन समारोह अध्यक्ष
7. उद्घाटन भाषण : लायन विनय मित्तल, अन्तर्राष्ट्रीय निदेशक
8. मण्डलाध्यक्ष द्वारा डिस्ट्रिक्ट विवरण : लायन उदय चन्दानी, पी.एम.जे.एफ., मण्डलाध्यक्ष
9. मुख्य अतिथि का उद्बोधन : प्रो0 अजीत कुमार चतुर्वेदी, माननीय कुलपति बी.एच.यू.
10. मण्डल अधिष्ठापन अधिकारी का परिचय : लायन सी.ए. अनिल तुल्सीयान
11. मण्डल अधिकारियों का पद ग्रहण : लायन जितेन्द्र सिंह चौहान, पूर्व अन्तर्राष्ट्रीय निदेशक
12. विशिष्ट अतिथि एवं संरक्षक : लायन डॉ0 जगदीश गुलाटी, पूर्व अन्तर्राष्ट्रीय निदेशक
13. ध्वज प्रस्तुतिः (i) मण्डल ध्वज (ii) मण्डलाध्यक्ष गृह क्लब ध्वज, (iii) उपमण्लाध्यक्ष प्रथम गृह क्लब ध्वज, (iv) उपमण्डलाध्यक्ष द्वितीय गृह क्लब ध्वज
14. लोकार्पण : लायन उमेश चन्द्र कक्कड़, उप मण्डलाध्यक्ष-प्रथम
    (i) न्यूज लेटर, (ii) डायरेक्ट्री, (iii) स्मारिका
15. शुभकामना : लायन वीरेन्द्र गोयल, अध्यक्ष सिंगरौली विकास प्राधिकरण
16. आभार प्रकाशन : लायन श्याम बाबू वर्मा, उप मण्डलाध्यक्ष-द्वितीय
17. समारोह स्थगन की घोषणा : पी.एम.जे.एफ. लायन उदय चन्दानी, मण्डलाध्यक्ष
18. सांस्कृतिक कार्यक्रम

रात्रिभोज

## मुख्य अतिथि



**प्रो. अजीत कुमार चतुर्वेदी**
माननीय कुलपति बी.एच.यू.

प्रोफेसर अजीत कुमार चतुर्वेदी जी ने 1994 में बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (IIT BHU) में इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग में लेक्चरर के तौर पर काम शुरू किया था। इसके बाद, IIT कानपुर जाने से पहले उन्होंने IIT रुड़की के इलेक्ट्रॉनिक्स और कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग में काम किया। IIT कानपुर में उन्होंने कई अहम पदों पर काम किया, जिनमें इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख, रिसर्च डेवलपमेंट के डीन और डिप्टी डायरेक्टर जैसे पद शामिल हैं। प्रोफेसर चतुर्वेदी ने जनवरी 2017 में IIT रुड़की के डायरेक्टर का पद संभाला और अक्टूबर 2022 तक इस पद पर रहे। इस दौरान, उन्होंने IIAS शिमला (जनवरी 2017 से अगस्त 2018) और IIT मंडी (जुलाई 2020 से जनवरी 2022) के डायरेक्टर (अतिरिक्त प्रभार) के तौर पर भी काम किया।

प्रोफेसर चतुर्वेदी ने IIT कानपुर से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में B.Tech. (1986), M.Tech. (1988) और Ph.D. (1995) की डिग्री हासिल की। वे BSNL.IITK टेलीकॉम सेंटर ऑफ ,क्सीलेंस के कोऑर्डिनेटर थे, जिसने भारतीय टेलीकॉम सेक्टर के लि, कई प्रोजेक्ट्स पर काम किया है।

टीचिंग और रिसर्च में उनके बेहतरीन योगदान के लि, प्रोफेसर चतुर्वेदी को कई सम्मान मिले हैं, जिनमें INSA टीचर्स अवार्ड, IIT कानपुर का डिस्टिंग्विश्ड टीचर अवार्ड और सिंगापुर की नानयांग टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी से टैन चिन तुआन फेलोशिप शामिल हैं। 2024 में, IIT कानपुर ने उन्हें इंस्टीट्यूट फेलोशिप से सम्मानित किया। वे टेलीकॉम स्टैंडर्ड्स डेवलपमेंट सोसाइटी ऑफ इंडिया (TSDSI) के संस्थापक सदस्य हैं। प्रोफेसर चतुर्वेदी भारत सरकार के टेलीकॉम विभाग की उस कमिटी के सदस्य थे जिसने 2008 में टेलीकॉम ऑपरेटरों को स्पेक्ट्रम आवंटन के लि, मानदंड तय करने की सिफारिश की थी।

प्रोफेसर चतुर्वेदी की रिसर्च में कम्युनिकेशन थ्योरी और वायरलेस कम्युनिकेशन जैसे विषय शामिल हैं। उन्होंने फिजिकल लेयर में कई समस्याओं पर काम किया है, जैसे वेवफॉर्म शेपिंग, सीक्वेंस डिजाइन, MIMO सिस्टम वगैरह।

31 जुलाई 2025 को उन्हें बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी का 29वां वाइस–चांसलर नियुक्त किया गया। उनका कार्यकाल तीन साल का होगा या तब तक जब तक वे 70 साल के नहीं हो जाते।

## उद्‌घाटन अधिकारी



**लायन विनय मित्तल**
अन्तर्राष्ट्रीय निदेशक

गाजियाबाद के विख्यात चार्टेड एकाउन्ट और रियल एस्टेट स्टेक होल्डर लायन विनय मित्तल का लायन्स क्लब में एक शानदार इतिहास रहा है।

2018–19 में 321-C2 के मण्डलाध्यक्ष एवं 2019–20 में MD321 के MCC के रूप में उन्होंने यादगार वर्ष लायनवाद को दिये। आपके व्यक्तित्व में बेहतरीन लीडरशिप और गहरी सहानुभूति का मेल साफ दिखता है।

1918–19 में अपने क्लब अध्यक्ष के दौरान सबसे बड़े रक्तदान शिविर आयोजित करने के लिये केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री द्वारा सम्मानित किये गये। उन्हें कई अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष पुरस्कार, अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष नेतृत्व पुरस्कार प्राप्ति के अलावा एक प्रगतिशील मेल्विन जोन्स फेलो भी है।

1991 से ही वह गाजियाबाद सेन्ट्रल लायन्स क्लब के सदस्य रहें लेकिन वर्ष 2017 से वह गाजियाबाद लान्यस क्लब के माध्यम से समाज में अपनी सेवायें दे रहे हैं। विनय जी को लेखाकार के रूप में 37 वर्षों का अनुभव है और वर्तमान में वे विनय मित्तल एण्ड ऐसोसिएट, चार्टर्ड एकाउन्टेटस में कार्यरत है।

लायन्स क्लब से सम्बन्धित गतिविधियों के अलावा विनय जी कई पेशेवर और सामुदायिक संगठनों में भी सक्रिय है। वे RWA टैक्स बार एसोसिएशन के सदस्य, गाजियाबाद लोक परिषद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष, गाजियाबाद लायन्स नेत्र अस्पताल के संरक्षक और आजीवन सदस्य एवं मेरठ लायन्स सेवा ट्रस्टके संस्थापक व आजीवन सदस्य हैं। आपके परिवार में आपकी पत्नी MJF दीपाली मित्तल और 3 बच्चे हैं।

## विशिष्ट अतिथि एवं संरक्षक



लायन डॉ0 जगदीश गुलाटी
पूर्व अन्तर्राष्ट्रीय निदेशक

डॉ0 जगदीश गुलाटी वर्ष 2011 में सिएटल, वाशिंगटन (संयुक्त राज्य अमेरिका) में आयोजित लायन्स क्लब्स इण्टरनेशनल के 94वें अन्तर्राष्ट्रीय अधिवेशन में दो वर्षीय कार्यकाल के लिये अन्तर्राष्ट्रीय निदेशक निर्वाचित हुए थे।

